RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 99 | MONDAY 20-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



कहते ये डिग्री नहीं, स्किल असली पहचान।
करवाते फिर डिग्रियां, क्यों इतनी श्रीमान।
क्यों इतनी श्रीमान, सधे ना कोई कारज।
मोटी ले फिर फीस, थमा देते क्यों कागज।
कह साहिल कविराय, घास फिर क्यों चरवाते।
डिग्री ही सब नहीं, इसे फिर क्यों करवाते।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# ईडी एक्शन ओवर : कार्रवाई से ज्यादा 'प्रक्रिया' पर सवाल, लोकल टीम क्यों रही बाहर ?

## आधिकारिक बयानों पर टिकी निगाहें

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। पिछले दिनों ईडी की और से लुधियाना, गुरुग्राम और जालंधर में मंत्री संजीव अरोड़ा, कारोबारी हेमंत सूद, चंद्रशेखर अग्रवाल और नीरज सतीजा के यहां रेड की। शनिवार रात तक यह रेड खत्म हो गई । देश की विश्वसनीय न्यूज एजेंसी द्वारा बेशक ऑफिशियलज का हवाला देकर इस रेड को मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा मामला बताया। लेकिन ईडी द्वारा अभी तक कोई आधिकारिक बयान एवं प्रेस रिलीज जारी नहीं की है ।हालांकि इस रेड के बाद विभाग की कार्रवाई को लेकर कई सवाल खड़े हो गए है ।

शहर में चर्चा है कि यह रेड स्पेशल दिल्ली से आई टीम द्वारा की गई। जबकि ईडी का चंडीगढ़ और जालंधर में भी ऑफिस है। लेकिन दिल्ली टीम ने राज्य टीम को इस कार्रवाई में शामिल नहीं किया। जबकि पूरे देश में दिल्ली ईडी ऑफिस के बाद दूसरा बड़ा ऑफिस जालंधर में है। लेकिन फिर भी अधिकारियों द्वारा अपनी ही स्थानीय टीमों को कार्यवाही से दूर रखना बड़े सवाल खड़े कर रहा है। वहीं इस रेड से कुछ दिन पहले ही उच्च अधिकारियों द्वारा पंजाब एवं चंडीगढ़ में तैनात करीब १२ डिप्टी डायरेक्टर, ज्वाइंट डायरेक्टर एवं अस्सिस्टेंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारीयों की ट्रांसफर भी कर दी गई थी।

जिसके चलते चचाएं हैं कि शायद दिल्ली टीम को अपनी ही एजेंसी के लोकल अधिकारियों पर विश्वास नहीं रहा है। तभी पूरे एक्शन में जालंधर व चंडीगढ़ के अधिकारियों को दूर रखने की चचाएं बनी हुई है । वहीं दिल्ली से स्पेशल टीम का कार्रवाई करने आना भी बड़ा सवाल बना हुआ है।

### ज्यादातर मामलों में राज्य टीम लेती है एक्शन

वहीं चर्चा है कि पंजाब और चंडीगढ़ में अक्सर ईडी द्वारा कार्रवाई की जाती है। ज्यादातर मामलों में चंडीगढ़ और जालंधर की टीमें ही रेड करती है। वही बड़ा एवं पोलिटिकल मामला होने पर दिल्ली की टीमें इन स्टेट में एक्शन लेती है। हालांकि इस दो दिनों की कार्रवाई में अभी तक ऐसा कुछ बड़ा व संगीन मिलने की कोई बात सामने नहीं आई है।

### ईडी के ज्यादातर मामले सिरे नहीं चढ़ पा रहे

वहीं चर्चा है कि ईडी द्वारा पंजाब के कई राज्यों में कई बार रेड की गई है। बेशक ईडी द्वारा पहले मनी लॉन्ड्रिंग समेत कई तरह के आरोपों के तहत रेड की जाती है। लेकिन फिर बाद में वे मामले ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। चर्चा है कि ईडी के ज्यादातर मामले सिरे न चढ़ पाने के चलते उच्च अधिकारियों को अपनी ही एजेंसी के अफसरों को शक के दायरे में देखा जा रहा है। वहीं चर्चा है कि लोकल टीम होने के चलते संबंधित राज्य के नेताओं और कारोबारियों के साथ अफसरों के अच्छे एवं लिहाज वाले संबंध बन जाते हैं। इस कारण आपसी संपर्क होने के चलते लोकल अधिकारी को शामिल करने से इन्फॉर्मेशन लिक होने एवं उनका बचाव करने की आशंकाएं होती हैं।




### कार्रवाई के तुरंत बाद बिचौलिए-ठग एक्टिव

पिछले कुछ समय से देश में ईडी की कार्रवाई बढ़ गई है। जिसके चलते बिचौलिए और मौका पर्सत भी पैदा हो गए हैं। जोकि एजेंसी द्वारा जिनपर कार्रवाई की जाती है, कुछ दिन बाद वहीं पर बिचौलिए पहुंच जाते हैं। जिनकी और से ओपन ऑफर देते हुए अफसरों के साथ अच्छी सेटिंग होने का हवाला देकर मामला हल करवाने और समझौता करने का झांसा देकर मोटी रकम वसूल की जा रही है।

### बिचौलगिरी से दोबारा कार्यवाही की तलवार हट जाती है

वहीं चर्चा हैं कि सीबीआई और ईडी की कार्रवाई का शिकार हो चुके लोग भी अब बिचौलिए की भूमिका निभाने लग चुके हैं। दरअसल, उनकी और से अपना मामला सुलझाते हुए अफसरों के साथ अच्छी सेटिंग और लेन देन हो चूका होता है इसलिए ऐसे लोगो दोनों के लिए सुरक्षित माने जाते है। व्ही खुद फंसा व्यक्ति ऐसा करते हुए अपनी रिकवरी और मोटी कमाई का जरिया बना लेता है। वही इससे भविष्य में खुद पर दोबारा कार्यवाही की संभावनाएं भी कम हो जाती है

### कौन कौन है बिचौलगिरी में शामिल

ईडी से सैटिंग के काम में ज्यादातर खुद भुगत भोगी व्यक्ति , बड़े राजनेता, राजनेताओं के पीए एवं रिटायर्ड अधिकारी , टैक्स प्रैक्टिशनर , एकाउंट्स की देख रेख करने वाले तथाकथित भ्र्ष्ट बिचौलिए बने हुए हैं। क्योकि कार्यकाल दौरन इनके पास हर किसी से मीटिंग का एक्सेस होता है वही कार्यवाही भुगतने एवं राजनितिक समय में निरन्तर मेल जोल से अच्छे सम्बन्ध बना सव्भाविक है

### जाल बिछाने को मुश्किल कामों को दी जाती है अहमियत

चर्चा है कि व्ही विश्वास बढ़ाने और जाल बिछाने को बिचौलिए द्वारा मुश्किल से मुश्किल और बड़े मामला हल कराने के भी दावे किए जा रहे हैं। क्योकि इनमें सैटिंग की रकम और कमाई मोटी रहती है क्योकि ये ज्यादातर है प्रोफाइल लोग होते है जोकि ठगी का शिकार होने पर भी मुँह नहीं खोलते। शायद इसीलिए वर्तमान समय में कई मौकापरस्त ठग भी इस काम में एक्टिव हो चुके हैं। जिनकी और से अफसरों से अच्छी सेटिंग की बात कहकर एडवांस के रुप में पेमेंट लेकर ठगी मारी जा रही है।

# एलांटे फूड कोर्ट के सिजलर कैफे के GM ने खाने में कीड़े मिलने के आरोपों को बताया निराधार

## 'सख्त सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन होता है, चाहें तो कर लें जांच' : लक्ष्मण

चंडीगढ़, यूटर्न/ 19 अप्रैल। शहर में सिजलर कैफे को लेकर मीडिया में प्रकाशित खबरों पर प्रबंधन ने कड़ी आपत्ति जताई है। कैफे के जीएम (क्यूलिनरी) लक्ष्मण ने इन खबरों को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया है। लक्ष्मण ने कहा कि कैफे में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर बेहद सख्त मानकों का पालन किया जाता है।उन्होंने स्पष्ट किया हम नियमित रूप से



किचन की साफ-सफाई, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और हाइजीन प्रोटोकॉल का



कड़ाई से पालन करते हैं। खाने में कीड़े मिलने के आरोप बेबुनियाद हैं' उन्होंने आगे कहा कि यदि किसी को संदेह है, तो संबंधित विभाग या ग्राहक कभी भी आकर जांच कर सकते हैं।

'हम पूरी पारदर्शिता के साथ काम करते हैं और किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार हैं,' लक्ष्मण ने जोड़ा।

कैफे प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि वे अपुष्ट खबरों पर विश्वास न करें और किसी भी जानकारी की पुष्टि करने के बाद ही निष्कर्ष निकालें।





# अक्षय तृतीया पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए एम डी डी ऑफ इंडिया ने जिला प्रशासन के साथ मनाया सतर्कता दिवस

निर्मल सिंह

पानीपत, युटर्न 19 अप्रैल। जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाहों की रोकथाम के लिए काम कर रहे संगठन एम डी डी ऑफ इंडिया ने अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया। इसमें बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) व आशा यूनिटों ने भी सहयोग दिया और जिले में बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया। एम डी डी ऑफ इंडिया जिला प्रशासन, पंचायतों, स्कूलों और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए स्कूलों, पंचायतों और गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है और जिले में हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। इसी कड़ी में आज खोतपुरा गांव में सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता के नेतृत्व द्वारा बाल विवाह के खिलाफ एक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले अक्षय तृतीया के मौके पर अधिकारी ने स्कूल में पौधारोपण भी किया ताकि बच्चों को बाल विवाह के खिलाफ संदेश हमेशा याद रहा। भावना चौक स्थित शिव मंदिर में पंडित प्रेम और कमेटी प्रधान सूबेदार प्रताप सिंह जी की अगुवाई में श्रद्धालुओं को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक कर शपथ दिलाई गई। संगठन खास तौर से बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील अक्षय तृतीया जैसे मौकों पर प्रशासन व सरकार के सहयोग से इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाता रहा है। एम डी डी ऑफ इंडिया देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है।

जिले में अब तक बाल विवाह के खिलाफ अभियान की सफलता पर संतोष जाहिर करते हुए एम डी डी ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक श्री सुरिंदर सिंह मान ने कहा कि अक्षय तृतीया के शुभ दिन की आड़ में बाल विवाह जैसे अपराध को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन व नागरिक समाज संगठनों की सतर्कता से अब अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाहों की संख्या में खासी कमी आई है लेकिन हमें इसे पूरी तरह रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चंद वर्षो पहले तक लोगों को यह भी नहीं पता था कि नाबालिग बच्चों की शादी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुमार्ना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुमार्ना हो सकता है। लेकिन जमीन पर हमारे गहन जागरूकता अभियानों से जागरूकता बढ़ी है और हालात बदले हैं। अब लोग बाल विवाहों की सूचना दे रहे हैं और प्रशासन तुरंत इसकी रोकथाम के लिए कार्रवाई कर रहा है। यह एक उल्लेखनीय बदलाव है और हमें विश्वास है कि हम 2030 से पहले ही जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।

# बाबा बफार्नी के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब, 3 दिन में 2 लाख पंजीकरण-अमरनाथ यात्रा 2026 में रिकॉर्ड भीड़ के संकेत

पंजाब/यूटर्न/19 अप्रैल। श्री अमरनाथ यात्रा 2026 को लेकर देशभर के शिवभक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रा शुरू होने से पहले ही श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ी है और सिर्फ पहले तीन दिनों में ही 2 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करवा चुके हैं।

ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण तेज गति से जारी है। कई शहरों में बैंक शाखाओं और पंजीकरण केंद्रों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। श्रद्धालुओं में पहले जत्थे में शामिल होकर बाबा बफार्नी के दर्शन करने की होड़ साफ दिखाई दे रही है। पिछले वर्षो की तुलना में इस बार शुरूआती दिनों में पंजीकरण की रफ्तार काफी तेज है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार यात्रा में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंच सकते हैं।



## प्रशासन अलर्ट, व्यापक इंतजाम

बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन और श्राइन बोर्ड पूरी तरह सतर्क हो गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए

## पंजीकरण प्रक्रिया और नियम

- यात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल 2026 से शुरू* हो चुका है और यह प्रक्रिया 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर चल रही है।
- प्रत्येक बैंक शाखा को प्रतिदिन एक निश्चित कोटा दिया गया है
- पंजीकरण रियल टाइम आधार-आधारित eKYC के जरिए किया जा रहा है प्रति यात्री 150 शुल्क निर्धारित है
- परमिट NIC पोर्टल के माध्यम से सिस्टम द्वारा जारी किया जा रहा है तकनीकी समस्या की स्थिति में वेबकैम आधारित फोटो और मैनुअल डेटा एंट्री की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

## स्वास्थ्य जांच केंद्रों को मजबूत किया गया है

- सुरक्षा व्यवस्था को हाई-टेक बनाया गया है
- आवास और परिवहन सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है
- ताकि यात्रा को सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।
- RFID कार्ड अनिवार्य, बिना कार्ड एंट्री नहीं
- श्राइन बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, सभी यात्रियों को पंजीकरण के बाद बायोमेट्रिकी-ङ उ प्रक्रिया पूरी करनी होगी, जिसके बाद उन्हें RFID (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) कार्ड* जारी किया जाएगा।
- बिना वैध RFID कार्ड के किसी भी श्रद्धालु को *डोमेल (बालटाल मार्ग) या चंदनवाड़ी (पहलगाम मार्ग)* से आगे जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## आयु और स्वास्थ्य नियम सख्त

यात्रा के लिए कुछ सख्त नियम भी निर्धारित किए गए हैं—

- 13 वर्ष से कम और 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का पंजीकरण नहीं होगा
- 6 सप्ताह से अधिक गर्भवती महिलाओं को अनुमति नहीं दी जाएगी
- प्रत्येक यात्री के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (CHC) जरूरी है, जो 8 अप्रैल 2026 या उसके बाद जारी होना चाहिए

## पंजीकरण की समय सीमा

श्रद्धालुओं को ध्यान रखना होगा कि यात्रा की निर्धारित तिथि से 7 दिन पहले पंजीकरण बंद कर दिया जाएगा।

उदाहरण के तौर पर, 3 जुलाई की यात्रा के लिए पंजीकरण 26 जून तक ही किया जा सकेगा।

## बैंक और हेल्प डेस्क व्यवस्था

- पंजीकरण प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए
- बैंक शाखाओं में विशेष हेल्प डेस्क बनाए गए हैं
- स्टाफ को पहले से प्रशिक्षित किया गया है
- श्रद्धालुओं को हर स्तर पर सहायता उपलब्ध कराई जा रही है

## दो मार्गों से होगी यात्रा

यात्रा के लिए दो प्रमुख मार्ग निर्धारित किए गए हैं-

- बालटाल मार्ग
- पहलगाम मार्ग

यात्रा परमिट पर मार्ग और यात्रा की तारीख स्पष्ट रूप से अंकित होगी, जिस दिन श्रद्धालु को प्रवेश द्वार पार करने की अनुमति मिलेगी।

# वार्ड-9 में AAP का शक्ति प्रदर्शन, कई नेताओं ने थामा पार्टी का दामन

चंडीगढ़, यूटर्न/19 अप्रैल। वार्ड नंबर 9, दरिया स्थित लाला वाला पीर स्थान पर आज आम आदमी पार्टी द्वारा आयोजित विशाल जॉइनिंग प्रोग्राम ने राजनीतिक माहौल को नई दिशा दे दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीजेपी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं ने आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर स्थानीय नेतृत्व ने कहा कि पार्टी की पारदर्शी कार्यशैली, जनहितकारी नीतियां और विकास के प्रति प्रतिबद्धता ही लोगों को AAP की ओर आकर्षित कर रही है। उन्होंने दावा किया कि चंडीगढ़ में अब बदलाव की लहर स्पष्ट रूप से देखी जा रही है और जनता पारंपरिक राजनीति से हटकर ईमानदार विकल्प को अपना रही है।






पेज 08 थाना हंडेसरा पुलिस को बड़ी सफलता, 800 ग्राम....


## पनग्रेन में 215 करोड़ के 12 लाख वुडन क्रेट बनाने के इललीगल अलॉट टेंडर मामले ने पकड़ा तूल

# पहले से घोटाला के कारण विजिलेंस जांच में फंसी ज्यादातर कंपनियों को दोबारा दे डाला टेंडर, IAS अधिकारियों की कमेटी ने किया अलॉट

पंजाब/यूटर्न/19 अप्रैल। पंजाब सरकार के फूड एंड सिविल सप्लाई डिपार्टमेंट के अधीन आते पनग्रेन विभाग में अवैध तरीके से अलॉट किए वुडन क्रेट बनाने के टेंडर ने तूल पकड़ना शुरू कर दिया है। दरअसल, टेंडर में बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) की शर्ते होने के बावजूद विदाउट बीआईएस रजिस्टर्ड कंपनियों को टेंडर देने के चलते यह सवालों के घेरे में आ चुका है। इस मामले में अब हैरानीजनक खुलासे होने शुरू हो चुके हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इस टेंडर की अलॉटमेंट किसी एक अधिकारी ने नहीं बल्कि चार विभागों के मैनेजिंग डायरेक्टर्स आईएएस अफसरों की कमेटी द्वारा की गई थी। जिसमें विशेष रुप से पनग्रेन के मैनेजिंग डायरेक्टर आईएएस वरिंदर कुमार शामिल थे। वहीं इनके साथ कमेटी में पनसप की मैनेजिंग डायरेक्टर आईएएस सोनाली गिरी, पीएसडब्ल्यूसी के मैनेजिंग डायरेक्टर आईएएस वनीत कुमार और मार्कफेड के मैनेजिंग डायरेक्टर आईएएस कुमार अमित शामिल थे। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि टेंडर में खुद शर्ते रखने के बावजूद अधिकारियों ने खुद ही उनका पालन नहीं किया। वहीं यह भी चर्चा है कि जिन 10 कंपनियों को यह टेंडर दिया है, उसमें ज्यादातर कंपनियां पहले ही वुडन क्रेट के कई सो करोड के घोटाले की विजिलेंस जांच का सामना कर रही हैं। जिसके बावजूद उन्हें टेंडर अलॉट करना बड़े सवाल खड़े कर रहा है। लोगों में चर्चा है कि सीएम भगवंत मान और मंत्री लाल चंद कटारूचक को इस मामले में तुरंत एक्शन लेने की जरुरत है।

### 2022 में भी हुआ वुडन क्रेट घोटाला, अब फिर तैयारी

जानकारी के अनुसार कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान वुडन क्रेट टेंडर अलॉट हुआ था। तब 30 लाख क्रेट बनाने के लिए करीब 300 करोड़ का टेंडर लगाया गया। उस दौरान प्रति क्रेट का भार 40 किलो मांगा गया था। चर्चा है कि टेंडर लेने वाली कंपनियों ने अफसरों और राजनेताओं के साथ मिलीभगत करके क्रेट का भार 20 किलो रखकर बड़ा घोटाला कर डाला। लेकिन सरकार बदलते ही घोटाला उजागर हो गया। जिसमें कई कंपनियां, अफसर और राजनेता फंस गए। चर्चा है कि पहले वुडन क्रेट घोटाला होने के बाद अब फिर से उसकी तैयारी है। अगर अब भी इसकी जांच हुई तो कई बड़े अधिकारी, राजनेता और ठेकेदार इसमें फंस सकते हैं।






मोहाली स्थित पनग्रेन ऑफिस

### शर्तें दरकिनार कर चहेतों को दिए टेंडर

चर्चा है कि पहले यह टेंडर जनवरी 2025 में निकाला गया। तब पनग्रेन के एमडी आईएएस पुनीत गोयल थे। जिन्होंने टेंडर में शर्त रखी कि जो कंपनी बीआईएस रजिस्टर्ड होगी, उसे ही टेंडर दिया जाएगा। अप्रैल 2025 में टेंडर शर्तों के मुताबिक अलॉट हो गए। इस बीच एमडी का तबादला हो गया और आईएएस वरिंदर कुमार नए एमडी बने। फिर पनग्रेन ने टेंडर कैंसिल कर दिया। जिसके बाद जून-जुलाई महीने में टेंडर लगाए और शर्तों में हेरफेर हुआ। तब कुछ ठेकेदार हाईकोर्ट चले गए। फिर टेंडर प्रक्रिया रोक दी गई। जिसके बाद दिसंबर 2025 में टेंडर दोबारा लगाकर शर्तों में हेरफेर कर बीआईएस की जगह आईएस लिख दिया, जबकि कोड बीआईएस का इस्तेमाल किया। जिसके बाद बीआईएस अनरजिस्टर्ड कंपनियों को टेंडर अलॉट कर दिए। चर्चा है कि अधिकारियों द्वारा चहेतों को टेंडर देने के लिए बार बार कैंसिल किया जा रहा था। सेटिंग होते ही अलॉटमेंट हो गई।

### अफसर बदलते ही बदल गई शर्तें


चर्चा है कि पहले कुछ ईमानदार अफसरों द्वारा इस टेंडर प्रक्रिया को सही से चलाया जा रहा था। जिन्होंने यह शर्ते रखी थी कि जो कंपनियां बीआईएस के मानकों को पूरी करती हैं, वहीं इसमें भाग ले सकती हैं। जिसके बाद सही कंपनियों को टेंडर भी मिल गए। लेकिन इस बीच उक्त ईमानदार अफसरों का तबादला हो गया और नए अफसर नियुक्त हुए। उसमें से कुछ भ्रष्ट अफसरों ने टेंडर कैंसिल कर दिया। जिसके बाद उन्होंने शर्तों में तो बीआईएस ही रखा, लेकिन जब टेंडर दिए तो उन कंपनियों को दे दिए, जिनके पास बीआईएस का सर्टीफिकेट नहीं है। इसी तरह 10 कंपनियों को यह टेंडर दिए गए।

### यह था टेंडर

जानकारी के अनुसार पंजाब सरकार के पनग्रेन विभाग द्वारा साल 2025 में वुडन क्रेट की जरुरत होने के चलते इसका टेंडर लगाया गया। जिसमें बीआईएस के नियमों के तहत टेंडर दिया जाना था। इसके लिए 12 लाख वुडन क्रेट तैयार किए जाने थे। जिसके चलते 215 करोड़ रुपए का यह टेंडर लगाया गया है। इस टेंडर को 10 अलग अलग कंपनियों को अलॉट किया गया है।

### घोटाले में फंसी कंपनियों को दोबारा अलॉट किए टेंडर

चर्चा है कि 2022 में हुए क्रेट घोटाले की जांच आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही विजिलेंस ने शुरू की। इस जांच में टेंडर लेने वाली जिन कंपनियों ने घोटाला किया, उन्हें भी जांच में शामिल किया गया। चर्चा है कि उक्त घोटाले में शामिल ज्यादातर कंपनियों ने 2025 में दोबारा निकले 215 करोड़ के टेंडर में हिस्सा लिया और अधिकारियों ने उन्हें ही टेंडर अलॉट कर दिए। हैरानी की बात तो यह है कि जो कंपनियां पहले से घोटाला कर रही हैं, वह दोबारा कैसे अपना काम ईमानदारी से करेगीं। जिसके चलते चर्चा है कि या तो अधिकारी इस बात से अनजान थे या मोटी रिश्वत लेकर अलॉटमेंट की।




Each dunnage piece of crate will be of 150cm*90cm*18cm (as per IS 17427 of 2020 amended upto date) and will be made from duly dried *Eucalyptus* or any other hardwood, which satisfies the specification and quality parameters as given below :

1. Dimension of Members:

| MEMBER TYPE | PRESCRIBED SIZE | PRESCRIBED LENGTH | NOS. | Spaced |
|---|---|---|---|---|
| Upper Member | 5.1 CM X 6.5 CM | 150 CM | 5 Nos | 37 cm |
| Lower Member | 5.1 CM X 11.5 CM | 90 CM | 5 Nos | 22 cm |

The higher dimension of the section of each member will be vertical.

दूसरे टेंडर में बीआईएस की शर्त में हेरफेर कर किया अलॉट



conform to the following specification also:

1. Each dunnage piece of crate will be of 150cm*90cm*18cm and will be made from any type of wood, duly dried and seasoned, which satisfies the quality characteristics/tolerance etc as provided for non-expandable pallets as required in BIS 17427 of 2020 amended upto date. However, the bidder shall be bound to make use of the same type of wood which is presented as sample along with lab test report. A declaration, in this regard, shall be submitted by the bidder at the time of offer for inspection / supply.
2. Specifications

पहले टेंडर में रखी बीआईएस की शर्त



वुडन क्रेट

# जीरकपुर में 'स्पार्किंग' ट्रांसफार्मर बना खतरा प्रशासनिक दफ्तरों के पास लापरवाही

## नगर परिषद से 100 मीटर दूर चिंगारियां उगल रहा ट्रांसफार्मर, हादसे का खतरा

### खुले मीटर बॉक्स, झूलती तारें और स्पार्किंग-बिजली व्यवस्था पर गंभीर सवाल





जीरकपुर, यूटर्न/ 19 अप्रैल। जीरकपुर में बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। हैरानी की बात यह है कि यह गंभीर स्थिति किसी दूरदराज इलाके में नहीं, बल्कि शहर के सबसे अहम प्रशासनिक केंद्र के पास बनी हुई है। नगर परिषद कार्यालय से महज सौ मीटर की दूरी पर लगा बिजली का ट्रांसफार्मर इन दिनों 'जीता-जागता बम' बना हुआ है, जिससे लगातार चिंगारियां निकल रही हैं।

यह ट्रांसफार्मर ऐसे क्षेत्र में स्थित है, जहां दिनभर भारी आवाजाही रहती है। इसके बावजूद विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे स्थानीय लोगों में भय और रोष दोनों देखने को मिल रहे हैं।

नगर परिषद और पुलिस थाना जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों के पास इस तरह की लापरवाही न केवल विभागीय विफलता को दर्शाती है, बल्कि आम लोगों की जान को भी खतरे में डाल रही है। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

### बदहाली की तस्वीरें: लकड़ी के सहारे मीटर बॉक्स, तारों पर लटकी चप्पलें

इलाके में बिजली व्यवस्था की हालत बेहद खराब नजर आ रही है। कई स्थानों पर मीटर बॉक्स खुले पड़े हैं, जिन्हें सही तरीके से ठीक करने के बजाय लकड़ी के डंडों के सहारे टिकाया गया है। सड़कों और गलियों में बिजली की तारें इतनी नीचे लटक रही हैं कि बड़े वाहनों के उनसे टकराने का खतरा बना हुआ है। इतना ही नहीं, कई जगहों पर इन तारों पर पुरानी चप्पलें लटकी देखी गईं, जो विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं।

### पुराने हादसों से नहीं लिया सबक

स्थानीय लोगों का कहना है कि जीरकपुर में पहले भी शॉर्ट सर्किट और खुले तारों के कारण कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन विभाग ने उनसे कोई सबक नहीं लिया। लोगों का कहना है कि वे हर दिन डर के साये में यहां से गुजरते हैं। चिंगारियां गिरती रहती हैं और तारें नीचे झूल रही हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### प्रशासनिक केंद्रों के पास बना खतरा

जिस स्थान पर यह जर्जर ट्रांसफार्मर लगा है, वहां नगर परिषद कार्यालय के साथ-साथ जीरकपुर पुलिस थाना भी स्थित है। सरकारी कामकाज के चलते यहां प्रतिदिन हजारों लोग पहुंचते हैं। साथ ही यह घनी आबादी वाला रिहायशी इलाका भी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर और तारों से निकलती चिंगारियां कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। इसके बावजूद विभाग इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहा है।

'हमारा रिपेयरिंग का काम पहले से चल रहा है। जहां कहीं मीटर बॉक्स लटके हुए हैं या तारों में स्पार्किंग हो रही है, उन्हें मौके पर देखकर जल्द ठीक करवा दिया जाएगा।'

आशीष यादव, जेई, बिजली विभाग, जीरकपुर

# डेराबस्सी में किसान यूनियन की बैठक, 21 अप्रैल को पैदल रोष मार्च का ऐलान

## स्कूल कर्मचारियों की छंटनी के विरोध में आंदोलन तेज, परिवारों सहित शामिल होने की अपील

डेराबस्सी, यूटर्न/ 19 अप्रैल। भारतीय किसान यूनियन (लखोवाल) ब्लॉक डेराबस्सी की एक अहम बैठक संगठन के दफ्तर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सूबा मीत प्रधान मनप्रीत सिंह अमलाला ने की, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में डेराबस्सी स्थित सुखमनी स्कूल में चल रहे धरना-प्रदर्शन पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। बताया गया कि स्कूल प्रशासन द्वारा ड्राइवरों और अन्य कर्मचारियों को बिना किसी ठोस कारण के नौकरी से निकाल दिया गया है। इस फैसले के विरोध में भारतीय किसान यूनियन लखोवाल शुरू से ही संघर्षशील यूनियनों और मजदूरों के साथ धरने में शामिल रही है।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 अप्रैल को भारतीय किसान यूनियन लखोवाल और सहयोगी संगठनों के बैनर तले एक शांतिपूर्ण पैदल रोष मार्च



निकाला जाएगा। यह मार्च सुबह 9 बजे मुख्य बस स्टैंड डेराबस्सी से शुरू होकर हलका विधायक के आवास तक जाएगा।

यूनियन ने सभी सहयोगी संगठनों, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं और क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि वे इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लें और प्रभावित कर्मचारियों के समर्थन में आवाज बुलंद करें। बैठक में रणजीत सिंह राणा (ब्लॉक प्रधान), जगतार सिंह, हरी सिंह, कंवलजीत सिंह, हरनाम सिंह, परमजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, केहर सिंह, गुलाब सिंह, गुरपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, हरपाल सिंह, छज्जा सिंह, राम सिंह, कर्नैल सिंह, जरनैल सिंह, सुरजीत सिंह और धर्म सिंह सहित कई किसान नेता मौजूद रहे।

# अक्षय तृतीया पर श्री दंडी स्वामी मंदिर में भव्य मूर्ति प्रतिष्ठा उत्सव, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सिविल लाइन स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठा दिवस बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित राज कुमार शर्मा ने की। प्रातःकाल मंदिर परिसर में विद्वान पंडितों द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पंडित सोहन शास्त्री, पंडित रोहित, पंडित सुमित एवं पंडित राजिंदर शर्मा ने श्री शिव परिवार, श्री लक्ष्मी-नारायण एवं श्री दंडी स्वामी महाराज की पूजा-अर्चना और रूद्राभिषेक सम्पन्न करवाया, जिसमें ट्रस्टियों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेष रूप से पद्मासन मुद्रा में विराजमान श्री लक्ष्मी-नारायण जी एवं शिव परिवार की मूर्तियों का वैदिक विधि से प्रक्षामृत स्नान करवाकर मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।इस अवसर पर ब्राह्मण भोजन का आयोजन भी किया गया, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर पंडित राज कुमार शर्मा ने कहा कि अक्षय तृतीया सनातन धर्म में अत्यंत शुभ और पुण्यदायी तिथि मानी जाती है। इस दिन किए गए धार्मिक कार्य, दान-पुण्य और पूजा-अर्चना का फल अक्षय रहता है। कार्यक्रम के अंतर्गत साप्ताहिक रविवारिक हरिनाम संकीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्री सिद्ध पीठ परिवार के सदस्यों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तिरस की गंगा बहाई। संकीर्तन में केशव जोशी, विशाल अरोड़ा, हरिपाल आहूजा, अश्वनी ग्रोवर, सोमनाथ बाबू, पंडित दीपक शर्मा, रघुवीर उप्पल, ब्रजमोहन ढींगरा, कपिल शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर गुणगान किया।



# राधा गोविंद संकीर्तन मंडल द्वारा हरिनाम संकीर्तन, प्रभु नाम की भक्ति में लीन हुए भक्तजन

लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। संजय गांधी कॉलोनी में अकाली श्री

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। लुधियाना के पुराने बाजार में श्री राधा गोविंद संकीर्तन मंडल (सेवक सिद्ध पीठ) की ओर से हरिनाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान श्री ठाकुर जी का आकर्षक व भव्य दरबार सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना एवं हरे कृष्ण हरे राम महामंत्र जाप से की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके उपरांत मंडल के केशव जोशी और विशाल अरोड़ा ने अपनी मधुर वाणी से श्री ठाकुर जी के भजनों का गुणगान किया। इस अवसर पर रमेश नैय्यर परिवार द्वारा श्री ठाकुर जी का विधिवत पूजन किया। केशव जोशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस पर श्री ठाकुर जी की कृपा होती है, उसी के घर संकीर्तन का आयोजन होता है और जिन्हें वे बुलाते हैं, वही इस भक्ति रस में सहभागी बन पाते हैं। उन्होंने कहा कि भजन-कीर्तन के माध्यम से हम अपनी वाणी से प्रभु को रिझाने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर पार्षद पति दविंदर जग्गी, राहुल बस्सी, विशाल ढल, संजय वर्मा, माधव कालड़ा, विशाल वशिष्ठ, शुभम ढल, सतीश वशिष्ठ, दिलप्रीत कालरा, राजीव खोसला, अरुण टंडन, मुनीश नंदा, हनी सिक्का, सौरभ क्वात्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



पेज 12 जीरकपुर में सजा ग्लैमर का मंच: मिस एंड मिसेज ग्लैमर क्वीन...

# एमसी का बड़ा एक्शन: अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, 56 चालान और 10 वाहन जब्त





चंडीगढ। शहर में अतिक्रमण और अवैध कब्जों के खिलाफ नगर निगम चंडीगढ़ ने शुक्रवार को बड़ा अभियान चलाया। दिनभर चले विशेष प्रवर्तन अभियान में अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए 56 चालान काटे गए, जबकि 10 वाहनों को जब्त किया गया।

नगर निगम को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह सख्त कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों को खाली कराना, ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाना और नागरिक सुविधाओं को बेहतर करना था।

## इंडस्ट्रियल एरिया में कार्रवाई

सुबह के समय प्रवर्तन टीम ने इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में छापेमारी की। यहां सड़क किनारे, पार्किंग स्थलों और रोड बर्म पर छोड़े गए, खड़े किए गए या अवैध रूप से मरम्मत किए जा रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। टीम ने 10 वाहनों को जब्त कर लिया और नियम तोड़ने वालों के चालान किए।

## सेक्टर-22 मोबाइल मार्केट में हटाया अतिक्रमण

शाम को सेक्टर-22 मोबाइल मार्केट में विशेष अभियान चलाया गया। यहां पार्किंग क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण हटाए गए, जिससे जाम की स्थिति कम हो सके और लोगों को आवाजाही में सुविधा मिले।

## नया गांव बैरियर पर अवैध वेंडरों पर शिकंजा

इसी दौरान एक अन्य टीम ने नया गांव बैरियर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध वेंडरों को हटाया। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## तीन टीमें रहीं तैनात

पूरे अभियान के दौरान नगर निगम की तीन विशेष टीमें अलग-अलग इलाकों में तैनात रहीं, जिन्होंने समन्वय के साथ कार्रवाई को



सफल बनाया।

## नागरिकों से सहयोग की अपील

नगर निगम चंडीगढ़ ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों का अनधिकृत उपयोग न करें और शहर को साफ-सुथरा व व्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# चंडीगढ़ को मिली डॉग एम्बुलेंस, अब घायल आवारा पशुओं को मिलेगी तुरंत मदद





चंडीगढ़, यूटर्न/ 19 अप्रैल। शहर में पशु कल्याण को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए चंडीगढ़ को समर्पित डॉग एम्बुलेंस मिल गई है। इस विशेष एम्बुलेंस को शनिवार को सेक्टर-17 में सांसद मनीष तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त अमित कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

यह एम्बुलेंस सांसद निधि योजना के तहत सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स, चंडीगढ़ को उपलब्ध कराई गई है। इसका उद्देश्य शहर में घायल, बीमार और बेसहारा पशुओं को तेज और बेहतर चिकित्सा सुविधा देना है।

## मौके पर ही मिलेगा इलाज

नई डॉग एम्बुलेंस की खासियत यह है कि अब सिर्फ पशुओं को अस्पताल पहुंचाने तक सीमित व्यवस्था नहीं रहेगी, बल्कि सड़क पर ही प्राथमिक उपचार दिया जा सकेगा। इससे घायल या बीमार पशुओं को तुरंत राहत मिलेगी।

## एम्बुलेंस के जरिए:

घायल या बीमार पशुओं को मौके पर प्राथमिक उपचार मिलेगा। गंभीर रूप से घायल पशुओं को तुरंत आपातकालीन सहायता दी जाएगी।

एडवांस इलाज से पहले उनकी जान बचाने की संभावना बढ़ेगी।

## शहरवासियों को भी होगा फायदा

इस सेवा से शहर के लोगों को भी सीधा लाभ मिलेगा। शिकायत मिलने पर त्वरित प्रतिक्रिया होगी, सड़कों पर घायल पशुओं की पीड़ा कम होगी और मोहल्लों में सुरक्षा व संवेदनशीलता दोनों बढ़ेंगी।

## दयालु शहर प्रशासन की मिसाल

कार्यक्रम में सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि एक संवेदनशील शहर वही होता है, जहां इंसानों के साथ-साथ पशुओं की भी देखभाल हो। यह पहल चंडीगढ़ को और मानवीय, आधुनिक और जिम्मेदार शहर बनाने की दिशा में अहम कदम है।



## सांसद राजा वडिंग ने सुनी मजदूरों और आढ़तियों की समस्याएंस कमीशन और ईपीएफ कटौती पर जताई चिंता

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष और लुधियाना सांसद अमरिंदर सिंह राजा वडिंग रविवार को जगराओं अनाज मंडी पहुंचे। उन्होंने यहां एशिया की दूसरी सबसे बड़ी मंडी में लिफ्टिंग कार्य में लगे मजदूरों की समस्याएं सुनीं और मंडी के हालात का जायजा लिया। अपने मंडी दौरे के दौरान, राजा वडिंग ने कांग्रेस के पूर्व देहाती प्रधान सोनी गालिब की आढ़त पर आढ़तियों से मुलाकात की। इस बैठक में कमीशन और ईपीएफ से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। आढ़तियों ने बताया कि इन समस्याओं के कारण उन्हें करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। वडिंग ने आढ़तियों को आश्वासन दिया कि वे आगामी संसद सत्र में कमीशन और ईपीएफ कटौती के मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे।

## लू से बचें: स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

### बुजुर्गों, बच्चों और बाहर काम करने वालों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह



लुधियाना, यूटर्न 19 अप्रैल : जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. रमणदीप कौर ने हीटवेव (लू) संबंधी एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक बचाव उपाय अपनाने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाता है, तो डिहाइड्रेशन, हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. कौर ने बताया कि हीटवेव के दौरान कुछ वर्गों के लिए विशेष खतरा होता है। इनमें 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, हृदय, मधुमेह या श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति, तथा बाहर काम करने वाले मजदूर, किसान और निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये उच्च-जोखिम वाले समूह सीधी धूप से बचें और अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें। लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक घर के अंदर रहने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पानी और तरल पदार्थ जैसे ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी और छाछ का सेवन करना चाहिए। बाहर जाते समय हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनना और सिर को कपड़े या टोपी से ढकना लाभदायक रहेगा। एडवाइजरी में हल्का भोजन करने और मौसमी फल एवं सब्जियों के सेवन की भी सिफारिश की गई है।

लोगों को शराब, कैफीनयुक्त पेय पदार्थों और ज्यादा मसालेदार भोजन से परहेज करने की सलाह दी गई है, क्योंकि ये शरीर में पानी की कमी बढ़ाते हैं।

**बच्चों तथा पालतू जानवरों को गाड़ियों में ना छोड़ें:** इसके अलावा, बच्चों या जानवरों को खड़ी गाड़ियों में छोड़ने पर सख्त मनाही की गई है, क्योंकि वाहन के अंदर तापमान तेजी से बढ़कर जानलेवा हो सकता है। डॉ. कौर ने बताया कि बाहर काम करने वाले लोग सुबह या शाम के समय काम करें, छांव में आराम करें और बार-बार पानी पीने की आदत डालें। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थान हीटवेव से संबंधित मरीजों के इलाज के लिए पूरी तरह तैयार हैं और ओआरएस, दवाइयों तथा आपातकालीन सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था है।

## पंचकूला काली माता मंदिर आए बच्चे पर ट्रक पलटा, मौत, ड्राइवर की भी मौत



पंचकूला/यूटर्न/19 अप्रैल। पंचकूला में मंदिर दर्शन करने आए एक 4 वर्षीय बच्चे के ऊपर ट्रक पलट गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल ट्रक ड्राइवर ने भी दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार रात करीब 1 बजे परवाणु की ओर से ट्रक ड्राइवर सीमेंट लोड कर निकला था। कालका माता मंदिर के सामने पहुंचते ही ट्रक अचानक पलट गया। सीमेंट के कट्टे और ट्रक के पाट्र्स बच्चे के ऊपर गिर गए। आसपास के लोगों ने बच्चे और ड्राइवर को मलबे से निकालकर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# नशाखोरी में लड़कियां भी शामिल, कई वेश्यावृत्ति को मजबूर, इनके जाल में कई आमिर नवाबजादे

अशोक सहगल/लुधियाना, यूटर्न 19 अप्रैल: राज्य में नशाखोरी को कम करने के दावों और वादों के बीच वर्तमान सरकार की भी उम्र बीतती जा रही है परंतु नशाखोरी ने अब और भी भयानक रूप धारण कर लिया है। जानकार बताते हैं कि सरकार द्वारा नशाखोरी को रोकने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहे हैं परंतु पंजाब में नशा छठे दरिया की तरह बह रहा है 12 साल की उम्र की लड़कियां और छोटे बच्चे भी नशा बेचने चाले गिरोहों के जाल में फस रहे हैं। हाल ही में नशे की लत डॉ में फंसी एक युवती ने चौंकाने वाले खुलासे किए कि कैसे उसे से ड्रग्स खरीदने के लिए वेश्यावृत्ति की दुनिया में उतरना पड़ा। 2 साल बाद, वह खुद को इस लत से छुटकारा पाने के लिए स्वयं भी नशा मुक्ति केंद्र आ पहुंची । डॉ. इंद्रजीत सिंह,निदेशक डॉ. द्वारका नाथ कोटनिस एक्यूपंक्चर अस्पताल एंड एजुकेशन सेंटर ने बताया कि लुधियाना में नशे की लत लड़कियों को (वेश्यावृत्ति) देह व्यापार में धकेल रही है और ऐसे के मामले सामने आ चुके हैं। डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि राज्य में छठा दरिया नशों का बह रहा है, परिवारों को इस बात की ज्यादा चिंता है कि आजकल लड़कों के साथ-साथ लड़कियां भी नशे की लत का शिकार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि नशे की लत के आंकड़े चौंकाने वाले हैं लेकिन पंजाब में कम उम्र के लड़के-लड़कियों के लिए कोई नशा मुक्ति केंद्र नहीं है।कभी-कभी नशा मुक्ति केंद्रों पर दी जाने वाली दवाई लेने पर उन्हें उल्टी हो जाती है। ओ.आई.डी. सी. नशा मुक्ति केंद्र चलाने वाले डॉ. इंद्रजीत ढींगरा ने कहा कि हम नशे का शिकार हुई हुई लड़की का इलाज एक्यूपंक्चर उपचार के साथ




मुफ्त में कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि त्रासदी ऐसी है कि हमारे पास लड़कियों और बच्चों के लिए कोई नशा मुक्ति केंद्र नहीं है।

### एक इंजेक्शन के इस्तेमाल तथा असुरक्षित यौन संबंधों से बढे एचआईवी के मामले


नशे की पूर्ति के लिए एक दूसरे के इंजेक्शन का इस्तेमाल और असुरक्षित यौन संबंध बनाने से एच.आई.वी. के मामलों की संख्या बढ़ रही है। लुधियाना में एच. आई. वी. के 10,000 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, सिविल अस्पताल में स्थित एंटी रेट्रो वायरल सैंटर (ए.आर.टी.सी.) से प्राप्त आंकड़ों से पता चलता हैकि सन 2020-21 में 926 में एच.आई.वी. के पेशेंट की रजिस्ट्रेशन की गई, इनमें 488(52 प्रतिशत के करीब) इंजैक्शन से नशा लेने वाले लोग शामिल थे। सन 2021-22 में 1320 एच.आई.वी. पॉजिटिव लोगों का पंजीकरण किया गया, इनमें से 807 (61 प्रतिशत) इंजैक्शन से नशा लेने वाले लोग शामिल थे। इसी तरह सन 2022-23 में 1333 एच.आई.वी. के नए मरीज सामने आए इनमें 68. 8 प्रतिशत आई.डी. यू. यानी की इंजैक्टबल ड्रग्स यूजर शामिल थे जबकि अक्तूबर 2023 तक 1443 ने एच.आई.वी. पॉजिटिव लोगो का रजिस्ट्रेशन हो चुका , इनमें से 1097 इंजैक्शन क्शन से नशा लेने वाले मरीज शामिल है। इसी तरह 2024 तथा 2025 में रजिस्टर्ड हुए मरीजों में इंजेक्शन से नशा लेने वाले नशेड़ियों में 60% से अधिक मामले सामने आए हैं

### कानून बदलने की जरूरत

डाक्टर द्वारकानाथ कोटनिस अस्पताल और एजुकेशन सैंटर के महासचिव रिटायर्ड आई.पी.एस. इकबाल सिंह गिल ने कहा कि लोगों को नशाखोरी से हटाने के लिए एन.डी.पी.एस. कानून बदलने की जरूरत है, नए नशा मुक्ति केंद्र खोलने के लिए आसान नियम बनाने चाहिए ताकि लोगों को नशे तो मुक्ति मिल सके। नशाखोरी से बचने के लिए परंपरागत नशों अफीम डोडे जैसे नशों को मान्यता देनी होगी ताकि युवा पीढ़ी को चिट्टे के नशे से बचाया जाए।

अफीम और परंपरागत नशों से शारीरिक और मानसिक नुकसान कम है। चिट्टे पर लगे नशेड़ियों को नशा छुड़ाना मुश्किल जबकि अफीम आदि पर लगे नशेड़ियों से नशा छुडाना आसान होगा, इससे एच.आई.वी. व एड्स के मामले भी कम होंगे। ड्रग माफिया के जाल में फंसी एक 20 साल की लड़की काऊंसलिंग के दौरान चौंकाने वाला खुलासा किया कि उसने 18 साल की उम्र में ड्रग्स लेना शुरू कर दिया था और आखिरकार नशे की पूर्ति के लिए वेश्यावृत्ति में उतरने को मजबूर हो गई और पन्नी पर नशा लेते लेते इंजैक्शन से नशा लेना शुरू कर दिया गई।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

## आज आजादी का अर्थ क्या है?

जब भारत आजाद हुआ तब आजादी
का अर्थ था कैसा सा? जब भारत आजाद
हुआ तब वतन का जज्बा था कैसा सा?
क्षत विशत और आहत थे हम
फिर भी देश था एकनिष्ठ जैसा सा।
जाति, पंथ, धर्म और रंग से ऊपर न कोई
था देश जैसा सा।
चिढ़े हुए जख्मी गिद्धों सा कोई नेता, न
कोई राजनीतिज्ञ ऐसा था। जुबानी लड़ाई
लड़ते हैं ये जैसे न था देश ऐसे अखाड़ों
जैसा सा।
भरकर राष्ट्र भाव मन, वचन, कर्म से
हर एक में था भारतीय सम्मान ऐसा सा।
बन तो रहा है यह विश्वगुरू पर पर देश
सम्मान है न अब वैसा सा। होना चाहिए,
सबल राष्ट्र महान ₹जैसा₹ सा।
आजादी मायने जैसे थे क्रांति वीरों के?
क्या आज भी है वतन का जज्बा वैसा
सा? आज आजादी का अर्थ कैसा है?
बस स्कूल की एक छुट्टी जैसा सा?

## कानूनी बात झ्र निशांत प्रभाकर के साथ

### Legal Notice का जवाब न देने के परिणाम क्या होते हैं?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

कई बार लोगों को Legal Notice प्राप्त होता है, लेकिन वे उसे गंभीरता से नहीं लेते और जवाब देना जरूरी नहीं समझते। यह एक बड़ी गलती साबित हो सकती है। Legal Notice एक औपचारिक कानूनी सूचना होती है, जिसके माध्यम से एक पक्ष दूसरे पक्ष को अपने अधिकारों और मांगों के बारे में अवगत कराता है। यह अक्सर कोर्ट में जाने से पहले भेजी जाती है। यदि कोई व्यक्ति Legal Notice का जवाब नहीं देता, तो इसका सीधा मतलब यह नहीं होता कि वह दोषी है, लेकिन यह उसकी स्थिति को कमजोर जरूर कर सकता है। अदालत में यह दिखाया जा सकता है कि उसे पहले ही अवसर दिया गया था, लेकिन उसने अपनी बात नहीं रखी। कई मामलों में Notice का जवाब देना जरूरी होता है, ताकि आप अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकें और विवाद को कोर्ट के बाहर ही सुलझाने का प्रयास कर सकें। उदाहरण के तौर पर, property dispute, cheque bounce, या contractual dispute में notice का जवाब न देने से बाद में आपके खिलाफ adverse inference लिया जा सकता है। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि हर notice का जवाब देना आवश्यक नहीं होता, लेकिन इसे नजरअंदाज करना बिना सलाह के सही कदम नहीं है। निष्कर्ष: Legal Notice को हल्के में लेना नुकसानदायक हो सकता है। समय पर और सही तरीके से जवाब देना आपके अधिकारों की रक्षा करता है और कई बार विवाद को कोर्ट तक जाने से रोक सकता है।

# दयालपुरा गुरुद्वारा में वाटर कूलर भेंट, श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत

## नर्सिंग कॉलेज की पहल, गर्मी में संगत के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था



### पिता की स्मृति में समाज सेवा, ग्रामीणों ने सराहा प्रयास

जीरकपुर, यूटर्न/ 19 अप्रैल।

जीरकपुर के नजदीकी गांव दयालपुरा स्थित अमर प्रोफेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से सामाजिक सेवा और धार्मिक आस्था के तहत सराहनीय पहल की गई। कॉलेज प्रबंधन ने गांव के गुरुद्वारा साहिब में संगत के लिए ठंडे पानी का वाटर कूलर भेंट किया।

यह सेवा कॉलेज के एमडी मनोज शर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय अवतार चंद शर्मा की स्मृति में करवाई। इस मौके पर मनोज शर्मा ने कहा कि उनकी गुरुद्वारा साहिब के प्रति गहरी श्रद्धा है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यह वाटर कूलर लगाया गया है, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को ठंडा पानी आसानी से उपलब्ध हो सके।

उन्होंने कहा कि अपने बुजुर्गों की याद में समाज सेवा करना उनके परिवार की परंपरा रही है और भविष्य में भी ऐसे कार्य जारी रहेंगे।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने इस नेक पहल की सराहना करते हुए मनोज शर्मा का विशेष धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

ग्रामीणों ने भी कॉलेज प्रबंधन के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य समाज में भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर पूर्व काउंसलर मनिंदर सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान रघबीर सिंह, कर्नैल सिंह, जगतार सिंह, सेवक सिंह, मेहर सिंह, अमरीक सिंह और गुरदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में गांववासी और कॉलेज स्टाफ मौजूद रहे।

# सीबीआई का दावा, सिंगला भाई-बहनों से 590 करोड़ में से 292 करोड़ मिले

## 590 करोड़ का आईडीएफसी फस्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक घोटाला

चंडीगढ़/यूटर्न/19 अप्रैल। 590 करोड़ के बैंक घोटाले में, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हरियाणा की सीबीआई विशेष अदालत को बताया है कि आरोपी स्वाति सिंगला और उनके भाई, अभिषेक सिंगला को आईडीएफसी फस्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में जमा हरियाणा सरकार के विभागों के खातों के फंड से 292 करोड़ मिले थे। सिंगला भाई-बहन 'स्वस्तिक देश प्रोजेक्ट' फर्म के मालिक थे, जिसे यह रकम मिली थी। यह पैसा आगे कई संस्थाओं और व्यक्तियों को भेजा गया था। सीबीआई ने 23 फरवरी को राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवीएंडएसीबी) द्वारा दर्ज की गई मूल एफआईआर के आधार पर, 8 अप्रैल को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर के अनुसार, इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध शामिल हैं, साथ ही धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश, जाली दस्तावेजों का धोखाधड़ी या बेईमानी से उपयोग और आपराधिक विश्वासघात के आरोप भी लगाए गए हैं। सीबीआई विशेष अदालत ने 17 अप्रैल को सीबीआई को छह आरोपियों रिभव ऋषि, अभय कुमार, स्वाति सिंगला, अभिषेक सिंगला, मनीष जिंदल और नरेश कुमार की तीन दिन की हिरासत सौंप दी।




### रिभव ऋषि इस घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता

सीबीआई ने अदालत को बताया कि रिभव ऋषि इस घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता (मास्टरमाइंड) था। वह आईडीएफसी फस्ट बैंक, सेक्टर 32, चंडीगढ़ में बैंक मैनेजर था। सीबीआई ने आगे बताया कि आईडीएफसी फस्ट बैंक में अधिकांश धोखाधड़ी वाले लेनदेन उसके कार्यकाल के दौरान हुए, और जब वह एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में गया, तो उसने वहां भी ये अवैध गतिविधियां जारी रखीं। स्वाति सिंगला के पति, अभय कुमार के संबंध में, सीबीआई ने अदालत को बताया कि वह एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर था और एक मुख्य आरोपी है, क्योंकि उसके कार्यकाल के दौरान ही आईडीएफसी फस्ट बैंक में सरकारी खाते खोले गए थे।

### बचाव पक्ष ने सभी आरोप बताए झूठे

सीबीआई के स्पेशल जज राजीव गोयल ने कहा कि बचाव पक्ष के वकील अमित दुदेजा, यवनीत ढाकला, दीपांशु बंसल और कृष्ण कुमार शर्मा ने इन सभी आरोपों को झूठा बताया है। लेकिन रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री और अब तक सामने आए सबूतों को देखते हुए, मेरी राय है कि इन सभी मामलों की ठीक से जाँच होनी चाहिए। और इस मकसद के लिए, सीबीआई की तरफ से आरोपियों की पुलिस कस्टडी की माँग सही लगती है। सीबीआई कस्टडी देते हुए, कोर्ट ने आरोपियों को पूछताछ के दौरान 30 मिनट के लिए अपने वकीलों से मिलने की भी इजाजत दी।

### मनीष और नरेश ने खाते खोलने को बने बिचौले

सीबीआई ने कहा कि आरोपी मनीष जिंदल और नरेश कुमार ने विभिन्न सरकारी विभागों के साथ खाते खोलने में बिचौलिए की भूमिका निभाई थी। सीबीआई ने आगे बताया कि उन्होंने आरोपी रिभव ऋषि और अभय कुमार की मदद की, उनसे नकद रकम ली, और उस अवैध रिश्वत को सरकारी कर्मचारियों के साथ बांटा। सीबीआई ने कहा कि माना जाता है कि इन छह आरोपियों के पास ₹एक बड़ी साज़िश का पर्दाफाश करने से जुड़ी अहम जानकारी है। इस साज़िश में नए खाते खोलना, दूसरे खातों से आईडीएफसी फस्ट और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंकों में रखे खातों में पैसे ट्रांसफर करना, बैंक रिकॉर्ड में हेरफेर करना, जाली और फजी दस्तावेज बनाना, और सरकारी पैसे को शेल कंपनियों में भेजना शामिल है।



# श्री मुक्तेश्वर निष्काम सेवा सोसाइटी भगवान परशुराम जी के जन्म स्थान में हुई नतमस्तक

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। श्री मुक्तेश्वर निष्काम सेवा सोसाइटी की समूची टीम भगवान परशुराम जी के जन्म स्थान गांव रकासन (नवांशहर) में नतमस्तक हुई। सोसाइटी के चेयरमैन नील कमल शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम जी, भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। उन्होंने देश-विदेश के ब्राह्मण समाज से अपील की कि भगवान परशुराम जी का जन्म स्थान गांव रकासन, नवांशहर में स्थित है। सतयुग में ब्राह्मण ऋषि जंगदमन हुए, जिन्होंने 'ऋषि का आसन' नामक स्थान (रकासन) में तपस्या की। यहां आज भी भगवान परशुराम जी का तालाब (छपड़ी) मौजूद है। तपस्या के बाद हुई भविष्यवाणी के अनुसार, उस समय के राजा चुनक्का (नजदीकी गांव चरण) से उनकी पुत्री रेणुका का विवाह ऋषि जंगदमन के साथ हुआ।

# जीरकपुर में वोटर सूची पर बवाल, गड़बड़ी के आरोपों से गरमाया माहौल



## सुधार न हुआ तो आंदोलन की चेतावनी, 23 अप्रैल तक आपत्तियां दर्ज कराने का मौका

जीरकपुर, यूटर्न/ 19 अप्रैल। नगर काउंसिल चुनावों से पहले जीरकपुर में नई वोटर सूची को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्रशासन द्वारा जारी सूची पर स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और धांधली के आरोप लगाए हैं, जिससे क्षेत्र का सियासी माहौल गरमा गया है। कई वार्डों और आसपास के गांवों के निवासियों ने एकजुट होकर प्रशासन के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया और वोटर सूची में कथित हेरफेर का विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राजनीतिक दबाव में आकर सूची में मनमानी की गई है। लोगों का कहना है कि कई परिवारों की वोटें एक वार्ड से हटाकर दूसरे वार्ड में ट्रांसफर कर दी गई हैं, जबकि कुछ मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए या गलत स्थान पर दर्ज कर दिए गए। इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ बताते हुए उन्होंने चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंचे पूर्व विधायक एन.के. शर्मा ने प्रशासन और सत्ताधारी दल पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनावी लाभ के लिए वोटर सूची के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सूची में सुधार नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। पहले चरण में एसडीएम को मिलकर औपचारिक आपत्तियां दर्ज करवाई जाएंगी और इसके बाद भी सुनवाई न होने पर सड़कों पर उतरकर विरोध तेज किया जाएगा। साथ ही मामला चुनाव आयोग और अदालत तक ले जाने की बात भी कही गई। दूसरी ओर प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि वोटर सूची में कोई त्रुटि है तो वे 23 अप्रैल तक अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं।

# महिला आरक्षण पर भाजपा की भ्रामक राजनीति का कांग्रेस ने किया पदार्फाश, बिना शर्त तत्काल लागू करने की मांग: एच.एस. लक्की

चंडीगढ़, यूटर्न/ 19 अप्रैल। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आज राजीव गांधी कांग्रेस भवन, सेक्टर-35 में महिला आरक्षण के मुद्दे पर एक प्रभावशाली और तथ्यपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा फैलाए जा रहे झूठ, भ्रम और दुष्प्रचार को बेनकाब करते हुए कांग्रेस ने भाजपा की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े किए। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने प्रेस को संबोधित करते हुए भाजपा पर सीधा और तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की महिलाओं के साथ 'राजनीतिक छल' कर रही है और जानबूझकर महिला आरक्षण को लागू करने में देरी कर रही है।

लक्की ने स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण से संबंधित संविधान विधेयक वर्ष 2023 में संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जो हालिया विधेयक संसद में गिरा है, वह 131वां संवैधानिक संशोधन था, जिसे भाजपा ने अपनी राजनीतिक रणनीति के तहत परिसीमन और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने जैसी शर्तों से जोड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह भाजपा की सुनियोजित साजिश है, ताकि महिला आरक्षण को टालकर चुनावी लाभ उठाया जा सके।



'अगर भाजपा की नीयत साफ है, तो वह बिना किसी शर्त के मौजूदा सीटों के आधार पर महिला आरक्षण को तुरंत लागू करे,' लक्की ने चुनौती देते हुए कहा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं के मुद्दों पर केवल जुमलेबाजी की है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। महिला आरक्षण को टालना इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। लक्की ने कांग्रेस के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि देश को पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पहली महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, पहली महिला लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार और पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी कांग्रेस की ही देन हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है, जबकि भाजपा केवल दिखावटी राजनीति कर रही है। उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई सड़कों से लेकर संसद तक पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी और भाजपा के हर झूठ का जवाब देगी।

इस अवसर पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नंदिता हुड्डा ने कहा कि चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी और महिला कांग्रेस इस मुद्दे को जन-जन तक लेकर जाएगी।

# पंचकूला में ट्रैफिक पुलिस का एक्शन: रविदास चौक से अवैध रेहड़ी-ठेले हटाए, पटाखा साइलेंसर वाली बुलेट मोटरसाइकिल इंपाउंड





पंचकूला, यूटर्न/ 19 अप्रैल। पंचकूला यातायात पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत थाना यातायात शहर पंचकूला की टीम ने पीएसआई वरिंद्र कुमार के नेतृत्व में नगर निगम पंचकूला के सहयोग से गुरु रविदास चौक पर सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए रेहड़ी-ठेलों के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वाले कुल 6 रेहड़ी-ठेलों को मौके से हटवाया गया तथा जब्त किया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में



यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायता मिली। इसके अतिरिक्त, ट्रैफिक टीम द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए तेज आवाज (पटाखा साइलेंसर) से चल रही एक बुलेट मोटरसाइकिल को इंपाउंड किया गया। पंचकूला यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क पर अवैध अतिक्रमण और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सड़क पर अवैध कब्जा न करें तथा यातायात नियमों का पालन करें, ताकि शहर में सुरक्षित एवं सुचारू यातायात व्यवस्था बनी रहे।



# थाना हंडेसरा पुलिस को बड़ी सफलता, 800 ग्राम अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

## 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत कार्रवाई, आरोपी यूपी का रहने वाला

डेराबस्सी, यूटर्न/ 19 अप्रैल। जिला एस.ए.एस. नगर पुलिस को नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना हंडेसरा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 800 ग्राम अफीम बरामद की है। सीनियर पुलिस कप्तान डॉ. हरमनदीप सिंह हंस (आईपीएस) ने बताया कि पंजाब सरकार की मुहिम 'युद्ध नशे के विरुद्ध' के तहत यह कार्रवाई की गई। इस ऑपरेशन को पुलिस कप्तान (देहाती) मनप्रीत सिंह और उप कप्तान पुलिस (डेराबस्सी) बिक्रमजीत सिंह बराड़ के दिशा-निर्देशन में अंजाम दिया गया। जानकारी के अनुसार, इंस्पेक्टर सुनील कुमार, मुख्य अफसर थाना हंडेसरा की निगरानी में सब-इंस्पेक्टर हरगोबिंद सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने नगला मोड़ के पास नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान गांव हंडेसरा की तरफ से आ रहे एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 800 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान कमल प्रसाद पुत्र मान सिंह निवासी गांव बिलैरी, तहसील आंवला, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) के रूप में बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 18/61/85 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल कर लिया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर भाजपा का प्रहार विपक्ष पर महिलाओं के अधिकारों से खिलवाड़ का आरोप

चंडीगढ़, यूटर्न/ 19 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय सेक्टर-33 कमलम में आज 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की वरिष्ठ नेत्री किरण चौधरी ने संबोधित किया। इस अवसर पर मंच पर प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष हीरा नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष इंदिरा सिंह, प्रदेश सचिव मीनाक्षी ठाकुर, सोनिया दुग्गल, डिप्टी मेयर सुमन शर्मा एवं जिला अध्यक्ष रेखा सूद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने संबोधन में विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'लोकतंत्र में जिम्मेदार व्यवहार अपेक्षित होता है, लेकिन नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे ऐतिहासिक विधेयक पर विपक्ष ने गंभीर चर्चा करने के बजाय केवल राजनीतिक बयानबाजी की।' उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में



ऐतिहासिक पहल है, लेकिन कांग्रेस एवं अन्य दलों ने परिवारवाद और राजनीतिक स्वार्थ के कारण इसका विरोध किया।

उन्होंने कहा कि यह एक संवैधानिक संशोधन विधेयक है, जिसके लिए दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है और जनसंख्या के अनुरूप परिसीमन कर लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को और प्रभावी बनाना जरूरी है। संजय सेठ ने कहा कि 'आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन लाया है।

उन्होंने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि 'कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर अपने दोहरे चरित्र को पूरी तरह उजागर कर दिया है। एक ओर ये महिलाओं के सशक्तिकरण की बात करते हैं, जबकि दूसरी ओर जब उन्हें वास्तविक अधिकार देने का अवसर आता है तो ये पीछे हट जाते हैं।' वहीं, हरियाणा की वरिष्ठ नेत्री किरण चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के संविधान निर्माताओं, विशेष रूप से डॉ. भीमराव अंबेडकर और उनके साथियों की सोच अत्यंत प्रगतिशील थी, जिन्होंने देश को प्रारंभ से ही महिलाओं को समान राजनीतिक अधिकार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जहां कई विकसित देशों में महिलाओं को मतदान अधिकार के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा, वहीं भारत में शुरूआत से ही समानता का अधिकार दिया गया था। किरण चौधरी ने कहा कि दुर्भाग्यवश आजादी के 70 वर्षों बाद भी, विशेषकर कांग्रेस के लंबे शासनकाल में, महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को वास्तविक रूप से लागू नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक को कई बार केवल दिखावे के लिए लाया गया, लेकिन वास्तविक इच्छाशक्ति के अभाव में इसे पारित नहीं कराया गया।

# कांग्रेस 59 बार, महिलाएं बस ना मात्र, मोदी के भाषण पर खड़गे का तंज

नई दिल्ली/यूटर्न/19 अप्रैल। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिलाओं के लिए आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न हो पाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर तीखा हमला किया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में महिलाओं के मुद्दे पर कम और कांग्रेस पर अधिक ध्यान दिया। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कांग्रेस का 59 बार उल्लेख किया, जबकि महिलाओं का जिक्र बेहद कम रहा, जो सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री का भाषण एक राष्ट्रीय मंच के अनुरूप नहीं था और उसमें राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप ज्यादा थे। खड़गे के अनुसार, इस तरह का संबोधन महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे गंभीर मुद्दे से ध्यान भटकाता है।



**विधेयक दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका :** लोकसभा में यह विधेयक आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका, जिसके बाद सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने विधेयक के विफल होने के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया, जबकि विपक्ष का कहना है कि वे सिद्धांततः महिलाओं के आरक्षण के पक्ष में हैं, लेकिन इसे परिसीमन और सीटों के पुनर्गठन से जोड़ना उचित नहीं है। विधेयक के पारित न होने से महिलाओं के प्रतिनिधित्व को लेकर बहस एक बार फिर तेज हो गई है और इस मुद्दे पर राजनीतिक टकराव और गहरा गया है।

यूटर्न टाइम

# वार्ड 8 में कांग्रेस व भाजपा छोड़ टकसाली परिवार हुए आप में शामिल, विधायक बग्गा ने किया स्वागत

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। विधानसभा उतरी के वार्ड 8 स्थित बाल सिंह नगर में भाजपा व कांग्रेस से संबधित परिवारों ने आम आदमी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। विधायक चौ. मदन लाल बग्गा व पार्षद अमन बग्गा ने पार्टी में शामिल हुए कांग्रेस के वार्ड 8 के पूर्व अध्यक्ष गौरव अरोड़ा व टकसाली भाजपा परिवार से सोनी गंभीर व मन्नू मक्कड़ व उनके साथियो का स्वागत किया। बग्गा ने आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता का



जिक्र करते हुए कहा बिना राजनितिक भेदभाव के तेज रफ्तार विकास व भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, मुफ्त बिजली, मुफ्त 10 लाख रुपये का प्रति परिवार इलाज, मोहल्ला क्लिनिक में घर के समीप इलाज जैसी अनेक जनहितैषी योजनाएं जनमानस को आप की तरफ आर्कषित कर रही है। आप सरकार के शासनकाल में वार्ड 8 में विकास योजनाओ की जानकारी हुए बग्गा ने कहा पिछली सरकारों ने इस क्षेत्र के साथ विकास के तौर सौतेला व्यव्हार किया। इसके विपरित उन्होने क्षेत्र निवासियो की सलाह पर विकास की योजनाएं तैयार कर विकास शुरू करवाया। भाजपा छोड़ कर आप में आए सोनी गंभीर व मन्नू मक्कड़ ने कहा भाजपा नेतृत्व की कथनी व करनी में अंतर है। केंद्र सरकार पिछले 12 वर्षो से पंजाब के साथ अन्याय कर रही है। इसके विपरित आम आदमी पार्टी ने हर चुनावी वायदा पूरा कर दिखाया है।

# मंडियों में बदहाली देख भड़के पूर्व विधायक एसआर कलेर, प्रशासन को लगाई फटकार!

## किसानों की आवाज: 'जगराओं अनाज मंडी में बोरीयों के अंबार, कलेर ने SDM से कहा- तुरंत कराएं लिफ्टिंग और पेमेंट

### पूर्व विधायक कलेर ने जांची मंडी की जमीनी हकीकत; खरीद और बारदाने की कमी पर सरकार को घेरा

**चरणजीत सिंह चन्न**

जगरांव/यूटर्न/19/अप्रैल। शिरोमणि अकाली दल के हल्का इंचार्ज और पूर्व विधायक एस.आर कलेर ने आज अपने सहयोगियों के साथ जगरांव की मुख्य अनाज मंडी का दौरा किया और किसानों की समस्याओं को सुना। मंडी में पसरी अव्यवस्था को देख उन्होंने मौके पर ही एस.डी.एम (SDM) जगरांव से बात कर स्थिति में सुधार के कड़े निर्देश दिए।

**किसानों का छलका दर्द**

दौरे के दौरान किसानों ने पूर्व विधायक को बताया कि मंडी में न तो समय पर खरीद हो रही है और न ही लिफ्टिंग। इसके अलावा बारदाने (बोरीयों) की भारी किल्लत और अदायगी (Payment) में हो रही देरी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। अधिकारी को



दो टूक:-एस.आर कलेर ने आढ़तियों और किसानों की मौजूदगी में एस.डी.एम से फोन पर संपर्क किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि: मंडी में गेहूं की बोरीयों के अंबार लगे हुए हैं, सरकार तुरंत लिफ्टिंग का पुख्ता प्रबंध करे। खरीद और भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि किसान अपनी फसल बेचकर जल्द फारिग हो सकें। कलेर ने जोर देकर कहा कि पिछले कुछ सीजनों में कम पैदावार के कारण किसान पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, ऐसे में प्रशासन की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अन्नदाता को अपनी ही फसल बेचने के लिए मंडियों में धक्के न खाने पड़ें। इस मौके पर उनके साथ पूर्व चेयरमैन कंवलजीत सिंह मल्लूला, पूर्व चेयरमैन दीदार सिंह मलक, प्रधान शिवराज सिंह, आढ़ती प्रहलाद, स्वर्ण सिंह मलक, और हरपाल सिंह (पूर्व सरपंच कोठे पोना) सहित बड़ी संख्या में नेता और किसान मौजूद रहे।



# पार्षद गुरबक्श रावत पहुंचीं जनता के द्वार, ऑन-द-स्पॉट समाधान से जीता भरोसा

चंडीगढ़ : चंडीगढ़ के वार्ड में जनता की समस्याओं को लेकर एक बार फिर सक्रियता दिखाते हुए पार्षद गुरबक्श रावत सीधे लोगों के बीच पहुंचीं और मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान करवाया। शनिवार को सेक्टर-40ए में आयोजित पब्लिक मीटिंग में बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए, जहां उन्होंने खुलकर अपनी समस्याएं पार्षद के सामने रखीं। मीटिंग के दौरान स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में सीवरेज जाम, टूटी सड़कों, गली-मोहल्लों की खराब हालत और सफाई व्यवस्था से जुड़ी दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया। कई निवासियों ने बताया कि मंडी ग्राउंड की सफाई बड़ी समस्या बनी हुई है, जिससे गंदगी फैल रही है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद गुरबक्श रावत ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समयसीमा के भीतर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान रावत ने कहा कि वह वार्डवासियों के साथ हर समय खड़ी हैं और उनकी प्राथमिकता क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिन समस्याओं को उठाया गया है, उनका जल्द निपटारा किया जाएगा और आवश्यक कार्यो की मॉनिटरिंग भी की जाएगी। पब्लिक मीटिंग में मौजूद लोगों ने पार्षद की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह सीधे संवाद से न केवल समस्याएं सामने आती हैं, बल्कि उनका समाधान भी तेजी से होता है।

# मोहाली ज्वेलरी वर्कशॉप लूटकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, वाहन और हथियार बरामद

मोहाली/यूटर्न/19 अप्रैल। मोहाली पुलिस ने ज्वेलरी वर्कशॉप लूटकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना फेज-1 पुलिस की कार्रवाई में यह सफलता मिली है। इस मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। यह वारदात फेज-8 इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक ज्वेलरी वर्कशॉप में हुई थी। पांच नकाबपोश बदमाश लूट के इरादे से वर्कशॉप में घुसे थे। उन्होंने हथियारों के बल पर वर्कशॉप मालिक के साथ मारपीट की और तिजोरी खुलवाने का प्रयास किया। तिजोरी न खुलने पर आरोपी मौके से आर्टिफिशियल ज्वेलरी, लगभग 400 से 500 ग्राम चांदी के आभूषण और सीसीटीवी डीवीआर लेकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने विनय शर्मा, सूरज प्रकाश और संजीत कुमार नामक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# लूट की वारदात का पदार्फाश: 4 आरोपी गिरफ्तार, लूटा गया सामान बरामद

### लिफ्ट देने के बहाने दिया घटना को अंजाम, आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

पंचकूला, यूटर्न/ 19 अप्रैल। पंचकूला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ टीम ने इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में थाना चण्डीमन्दिर क्षेत्र में हुई लूट की वारदात को सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार, दिनांक 3 अप्रैल को गाँव श्यामाटू निवासी महिला ने पुलिस चौकी रामगढ़ में शिकायत दी कि रविवार को रामगढ़ बस अड्डा के पास पुल के नीचे खड़ी होने के दौरान कुछ युवकों ने धोखे (लिफ्ट देकर गांव छोड़ने के बहाने से) से उसे गाड़ी में बैठाकर उससे सोने के आभूषण व लगभग 6000 नकद लूट लिए तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर थाना चण्डीमन्दिर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान एवीटी स्टाफ पंचकूला द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 13 अप्रैल को आरोपी मनजीत सिंह उर्फ दीपू व राहुल को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद 15 अप्रैल को प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से आरोपी मनदीप कुमार व विशाल निवासी गाँव कुराली (अंबाला) को भी गिरफ्तार कर लिया गया।



# केंद्रीय रेल राज्य मंत्री के शहर में रेलवे परिसर में बिल्डर की मनमानियों से जनता पर अत्याचार





## कोर्ट केस के बावजूद परिवार बेदखल-सियासत गरमाई

लुधियाना,/यूटर्न/19 अप्रैल।

हल्का वेस्ट के कॉलेज रोड स्थित रेलवे कॉलोनी में एक परिवार को कथित तौर पर जबरन घर से बेदखल किए जाने का मामला अब सियासी रंग ले चुका है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि एक नामी रियल एस्टेट बिल्डर ने पुलिस की मौजूदगी में उनका सामान बाहर फेंकवा दिया, जबकि मकान को लेकर मामला अदालत में विचाराधीन है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे भाजपा नेता गुरदीप सिंह गोशा ने डिप्टी कमिश्नर से फोन पर बात कर न्याय की मांग की, लेकिन स्थानीय लोगों में चर्चा है कि जब केंद्र में रेलवे राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू जैसे बड़े चेहरे मौजूद हैं, तो सीधे सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हुई। इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में 'मौन सहमति' और 'प्रभावशाली दबाव' जैसे सवाल उठने लगे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी



के नेता मनु जयरथ ने इस घटना को 'बिल्डर-प्रशासन गठजोड़' करार देते हुए कहा कि आम लोगों के हक कुचले जा रहे हैं और उनकी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उधर, शहरवासियों ने रियल एस्टेट कंपनी के खिलाफ कैंडल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया। लोगों का कहना है कि अगर कोर्ट केस के बावजूद ऐसी कार्रवाई हो सकती है, तो आम नागरिक की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा होता है। इस पूरे प्रकरण ने लुधियाना की राजनीति में हलचल मचा दी है, जहां विपक्ष इसे बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है, वहीं प्रशासन पर निष्पक्ष जांच का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

# पंजाब में बेअदबी कानून बिल पर गवर्नर ने किए हस्ताक्षर, बेअदबी होने पर होगी उम्रकैद, जमानत नहीं मिलेगी

पंजाब/यूटर्न/19 अप्रैल। पंजाब में बेअदबी को लेकर अब सख्त कानून बन गया है। इस बेअदबी बिल पर गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने साइन कर दिए हैं, जिसके बाद यह कानून अब राज्य में लागू कर दिया जाएगा। लंबे समय से बेअदबी के मामलों में कड़े प्रावधानों की मांग उठ रही थी। अब बिल को मंजूरी मिलने के बाद इसे कानूनी रूप मिल गया है। इसमें बेअदबी करने पर उम्रकैद तक सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही पुलिस बिना नोटिस दिए गिरफ्तार कर सकती है। साथ ही जमानत भी नहीं मिलेगी। इसके अलावा मानसिक रोगी के गार्जियन को सजा का प्रावधान है। इसे लागू करने के लिए सरकार अब गजट नोटिफिकेशन जारी करेगी।

## मानसिक रोगी के गार्जियन को सजा का प्रावधान



हालांकि इस बिल को लेकर कई तरह की अफवाहें फैलाई जा रही है। लेकिन सीएम भगवंत मान द्वारा पहले ही क्लियर कर दिया गया है कि बेअदबी कानून हर धर्म के लिए बनेगा। किसी भी धर्म में अगर बेअदबी होती है, तो उक्त मामले में आरोपी पर यही कानून लागू होगा।

### सीएम मान ने दी जानकारी

सीएम भगवंत मान ने खुद यह जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट डालकर दी है। उन्होंने लिखा है कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी के खिलाफ विधानसभा में पारित किए गए बिल पर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। अब यह बिल कानून बन गया है। मेरे जैसे एक छोटे से सेवक से यह सेवा लेने के लिए वाहेगुरु जी का कोटि-कोटि धन्यवाद। कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने जागत जोत श्री गुरू ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम को मिली मंजूरी एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन बिना ठोस मंशा और कार्रवाई के कानूनों का महत्व कम हो जाता है। बरगाड़ी, बेहबल कलां और कोटकपूरा के दोषियों को कब जवाबदेह ठहराया जाएगा। कुंवर विजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

# अकाली दल पुनर सुरजीत और अकाली दल वारिस पंजाब दे के एकजुट होने से पंजाब खुशहाल होगा : लवली

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। अकाली दल पुनर सुरजीत और अकाली दल वारिस पंजाब दे के बीच बीते दिन हुई बैठक से पंजाब के लोगों में एक खुशहाल और प्रगतिशील सरकार के 2027 के विधानसभा चुनावों में सत्ता में आने की उम्मीद और मजबूत हुई है। ये शब्द अकाली दल वारिस पंजाब दे के वरिष्ठ नेता और पंजाब, पंजाबी तथा पंजाबियत की मजबूती के



लिए आवाज उठाने वाले राजीव कुमार लवली ने यहां जारी एक बयान में कहे।

इस मौके पर लवली ने कहा कि मौजूदा शासन में पंजाब नशे, बेरोजगारी, गैंगस्टरवाद और कानून-व्यवस्था की खराब हालत का सामना कर रहा है। इन हालातों से समाज का हर वर्ग, फिर चाहे व्यापारी, किसान, नौकरीपेशा या युवा हो, परेशान है। उन्होंने कहा कि पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत की आवाज बुलंद करने में अकाली दल पुनर सुरजीत और अकाली दल वारिस पंजाब दे से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खराब हालातों से तंग लोगों को महाराजा रणजीत सिंह के समय जैसा खालसा राज केवल इन दोनों पार्टियों की 2027 विधानसभा चुनावों में बनने वाली पंथक सरकार ही दे सकती है।

# कांग्रेस समर्थक किसान नेता का मर्डर, घर के बाहर बुलाकर अज्ञात हमलावरों ने मारी गोलियां, आरोपी फरार



अमृतसर/यूटर्न/19 अप्रैल। तरनतारन में कांग्रेस पार्टी से जुड़े समर्थक और किसान नेता का रविवार सुबह 11 बजे गोली मारकर मर्डर कर दिया गया। यह घटना गांव गंडीविंड धत्तल में हुई। दो अज्ञात युवक घर के बाहर पहुंचे और किसान नेता को किसी बहाने से बाहर बुलाया। जैसे ही वह आए तो घात लगाकर खड़े हमलावरों ने पिस्टल से ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। हमलावर कौन थे इसकी अभी पुलिस जांच कर रही है। मृतक की पहचान आत्मा सिंह पुत्र महिंदर सिंह के रूप में हुई है गोलियां लगने से आत्मा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

### घटनास्थल से सबूत जुटा रही पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही थाना चोहला साहिब की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।साथ ही, घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए जा रहे हैं और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। एसपी रिपुतपन ने बताया कि फिलहाल इस मामले में किसी तरह की धमकी, फिरौती या गैंगस्टर एंगल सामने नहीं आया है।

### हत्या के पीछे के कारण अभी स्पष्ट नहीं

फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। शुरूआती जांच में पुरानी रंजिश या आपसी विवाद की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# डॉक्टर के घर लटका मिला बच्ची का शव, युवक कर रहा था परेशान, परिवार से की थी शिकायत



मोहाली/यूटर्न/19अप्रैल। मोहाली के सन्नी एनक्लेव क्षेत्र में एक 12 वर्षीय बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। बच्ची का शव एक डॉक्टर के घर के पिछले बरामदे में ग्रिल से लटका हुआ मिला, जहां वह काम करती थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बच्ची ने कुछ दिन पहले मां से एक युवक द्वारा परेशान करने की शिकायत दी थी और काम छोड़ने की बात भी कही थी। उधर पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। हालांकि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति और स्पष्ट होगी।

### 15 दिन से डॉक्टर के घर ही रह रही थी

मृतका की मां ने बताया कि उनकी बेटी पिछले कुछ समय से डॉक्टर के घर पर ही रह रही थी और उसे हर महीने 5000 मेहनताना मिलता था। मां के अनुसार, उनकी बेटी आमतौर पर समय पर घर लौट आती थी, लेकिन पिछले 15 दिनों से वह घर नहीं आई थी और वहीं रहकर घर का सारा कामकाज देख रही थी।

### युवक परेशान कर रहा था, काम छोड़ना चाहती थी

मां ने बताया कि एक दिन पहले बच्ची ने फोन पर उन्हें बताया था कि उसे एक लड़का परेशान कर रहा है और वह काम छोड़ना चाहती है। हालांकि, मां ने उसे 20 तारीख तक काम जारी रखने के लिए कहा था। मां ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी का एक लड़के के साथ झगड़ा हुआ था और उन्होंने इस मामले में कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है।

# इटली में गुरुद्वारे के बाहर 2 सिखों की हत्या, नगर कीर्तन की तैयारियां के दौरान वारदात

जालंधर/यूटर्न/19 अप्रैल। इटली के कोवो में गुरुद्वारा साहिब के बाहर 2 सिख सेवादारों की हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल है। आरोपियों ने उन पर करीब 10 राउंड गोलियां चलाईं। तीनों को घायल हालत में तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दो को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि एक घायल का अभी इलाज चल रहा है। इटली पुलिस अभी गोली मारने के कारणों की जांच कर रही है। मृतकों की पहचान राजिंद्र सिंह और गुरमीत सिंह के तौर पर हुई है। दोनों काफी समय से गुरुद्वारा साहिब में सेवादार के रूप में जुड़े हुए थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि हमलावर भारतीय मूल का ही है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर आरपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**नगर कीर्तन की तैयारियां चल रही थीं:** जानकारी के अनुसार, राजिंदर सिंह (48) कोवो में रहता है, उनके तीन बच्चे हैं, जबकि गुरमीत सिंह (48) अग्नाडेल्लो-क्रीमोना में रहते हैं, उनके दो बच्चे हैं। गुरुद्वारा में वैसाखी (खालसा पंथ के साजना दिवस) के उपलक्ष्य में 18 अप्रैल को नगर कीर्तन की तैयारियां चल रही थीं। रात करीब 11:50 बजे के आसपास जब संगत गुरुद्वारे से निकल रही थी, तब एक कार में आए हमलावर ने गुरुद्वारे के बाहर गोलीबारी कर दी। दोनों सेवादार गुरुद्वारे से बाहर निकलते समय घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।




### नगर कीर्तन कैंसिल हुआ

इस दौरान एक तीसरा व्यक्ति को भी गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गया। आरोपियों ने करीब 10 गोलियां चलाई। इसके बाद हमलावर मौके से कार में सवार होकर भाग निकले। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बनाया। घटना के बाद कोवो में होने वाले नगर कीर्तन को भी कैंसिल कर दिया गया है। गुरुद्वारा के पास वैशाखी के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन होना था। पुलिस जांच में सामने आया है कि मामला आपसी रंजिश से जुड़ा है।

# नगर निगम चुनावः कांग्रेस ने पंचकूला मेयर उम्मीदवार घोषित किया, सुधा भारद्वाज पर दांव



पंचकूला/यूटर्न/19 अप्रैल। हरियाणा में होने जा रहे नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने पंचकूला से मेयर पद के लिए अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने वरिष्ठ नेत्री सुधा भारद्वाज को पंचकूला नगर निगम चुनाव में मेयर पद का प्रत्याशी घोषित किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राओ नरेंद्र सिंह ने कहा कि सुधा भारद्वाज पार्टी की जुझारू, कर्मठ और समर्पित नेता हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही हरियाणा महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा रहते हुए उन्होंने संगठन हित में कई सराहनीय कार्य किए।

### परिवार भी संगठन में सक्रिय


सुधा भारद्वाज के पति संजीव भारद्वाज भी पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और प्रदेश मीडिया प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

### पहले अंबाला और सोनीपत उम्मीदवारों की घोषणा

इससे पहले हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अंबाला और सोनीपत नगर निगम के मेयर पद के उम्मीदवारों की भी घोषणा की थी। अंबाला (बीसी-बी महिला आरक्षित) से कुलविंदर कौर को टिकट दिया गया। सोनीपत (सामान्य वर्ग) से कमल दीवान को उम्मीदवार बनाया गया।

# पंजाब बीजेपी प्रभारी रहे बलबीर पुंज का निधन, दिल्ली में ली आखिरी सांस

चंडीगढ़/यूटर्न/19 अप्रैल। सीनियर भाजपा नेता, पूर्व राज्यसभा सांसद और पत्रकार बलबीर पुंज का देहांत हो गया है। उन्होंने शनिवार को दिल्ली के अस्पताल में आखिरी सांस ली। उन्हें शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह 76 वर्ष के थे। बलबीर पुंज नोएडा के सेक्टर-17 में रहते थे। उनकी एक बेटी विदेश में रहती है, जबकि दूसरी दिल्ली में रहती है। हालांकि वह मूल रूप से पंजाब के रहने वाले थे। अक्सर पंजाब आते रहते थे। उनकी रचनाएं कई मैगजीन व न्यूज पेपर में प्रकाशित होती थीं। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने शोक जताया है।



### पंजाब भाजपा प्रभारी भी रहे

बलबीर पुंज का जन्म 2 अक्टूबर 1949 को पंजाब के गुरदासपुर जिले के लालोवाल में हुआ। उन्होंने कभी पंजाब से चुनाव नहीं लड़ा। पुंज ने अपने करियर की शुरूआत पत्रकारिता से की। वर्ष 1971 में उन्होंने द मदरलैंड अखबार से काम शुरू किया और 1974 में फाइनेंशियल एक्सप्रेस से जुड़ गए। वह कई पदों पर रहे।

फिर भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर उन्होंने बौद्धिक प्रकोष्ठ के संयोजक के रूप में करीब 10 वर्षों तक काम किया। साथ ही वे भाजपा के राष्ट्रीय सचिव, कई राज्यों पंजाब, गुजरात, केरल और हिमाचल प्रदेशके प्रभारी तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी रहे। वर्ष 2013 में उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया।

# स्टाइल और बोल्डनेस का परफेक्ट कॉम्बिनेशन! पूजा का ये लुक बना सोशल मीडिया का नया क्रश



बॉलीवुड एक्ट्रेस Pooja Hegde ने एक बार फिर अपने सिजलिंग अंदाज से इंटरनेट पर आग लगा दी है। गोल्डन शिमरी मेटैलिक मिनी ड्रेस में उनका ये लो-एंगल ग्लैमरस पोज फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है। ड्रेस का स्लीवलेस डीप ड्रेप नेक, हाई-स्लिट कट और फ्लोई स्टाइल उनके लुक को और ज्यादा बोल्ड और अट्रैक्टिव बना रहा है। कैमरा एंगल और कॉन्फिडेंस से भरे इस अंदाज ने तस्वीर को और भी ज्यादा ग्लैमरस बना दिया है। सोशल मीडिया पर फैंस उन्हें 'हॉट', 'स्टनिंग' और 'क्रश ऑफ द डे' बता रहे हैं। पूजा का ये लुक साफ दिखाता है कि वो फैशन और ग्लैमर में किसी से पीछे नहीं हैं।

# सरकारी स्कूल में लेडी टीचर से सीनियर ने की छेड़छाड़, प्राइवेट पार्ट्स छुए; अंजाम भुगतने की धमकी दी

पंजाब/यूटर्न/19 अप्रैल। बठिंडा के एक सरकारी स्कूल में महिला टीचर ने अपने सीनियर टीचर पर छेड़खानी के आरोप लगाकर केस दर्ज कराया है। लेडी टीचर का आरोप है कि उसे बहाने से टीचर लैब में ले गया और उसके दोनों गालों पर किस किया।

जब वह रोने लगी तो आरोपी ने उसके प्राइवेट पार्ट्स को छुआ। महिला का आरोप है कि वह टीचर से छूटकर भागने लगी तो आरोपी ने उसे अंजाम भुगतने की धमकी दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। महिला टीचर का कहना है कि आरोपी स्कूल में उससे सीनियर है। उसने घटना के बारे में पहले स्कूल में साथी महिला टीचरों और परिजन को बताया था। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी।

### साल 2018 से स्कूल में पढ़ा रही

महिला टीचर ने थाना मोड़ मंडी पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी नियुक्ति जुलाई 2018 में साइंस टीचर के तौर पर हुई। स्कूल में साइंस लैब का काम चल रहा है। लैब में कुछ शेल्फ वगैरह ठीक से बंद नहीं हो रहे थे। इस काम को करवाने के लिए एक कमेटी बनाई गई। महिला टीचर उसकी कमेटी की मेंबर है। साथ ही मोड़ मंडी का रहने वाला आरोपी टीचर भी कमेटी मेंबर है। वह स्कूल में मैथ टीचर है। उसने आरोपी सीनियर मैथ टीचर को बताया कि शेल्फ ठीक से बंद नहीं हो रहे हैं। इस पर आरोपी टीचर बोला- चलो, चलकर देखते हैं।




### शेल्फ ठीक करवाने के बहाने ले गया लैब

महिला ने कहा- मैं भी उसके साथ साइंस लैब चली गई। वहां जाकर आरोपी टीचर मुझसे कहने लगा कि शेल्फ ठीक हो जाएंगी, लेकिन तुमने पार्टी नहीं की। मैंने कहा कि कल मैं मिठाई लाई थी और सारे स्टाफ को खिलाई थी। आप थे नहीं, इसलिए आपको नहीं मिल पाई। महिला ने बताया- इसके बाद आरोपी टीचर मेरे पास आने लगा तो मैं पीछे हट गई। अचानक मेरा हाथ पकड़कर उसने मुझे अपनी ओर खींच लिया। अपना हाथ मेरे गले में डाला और पूरी ताकत से मेरा गला दबाया। मेरे दाहिने गाल पर किस किया। जब मैंने खुद को छुड़ाने की कोशिश की, तो टीचर ने जबरदस्ती मेरे बाएं गाल पर किस किया और कहने लगा कि मेरी पार्टी हो गई। इसके बाद उसने दोनों हाथों से मेरे कंधे पकड़कर मेरे साथ गंदी हरकतें करना शुरू कर दिया।

# जीरकपुर में सजा ग्लैमर का मंच: मिस एंड मिसेज ग्लैमर क्वीन 2026 में चमकी प्रतिभाएं, खुशी राजपूत और डॉ. दीपिका चलिका बनीं विजेता

अजीत झा

जीरकपुर, यूटर्न/ 19 अप्रैल। जीरकपुर के एक निजी होटल में शनिवार को ग्लैमर, फैशन और प्रतिभा का शानदार संगम देखने को मिला, जब एमएस इंटरप्राइजेज की ओर से मिस एंड मिसेज ग्लैमर क्वीन 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए युवक-युवतियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम ने न केवल युवाओं को अपनी पहचान बनाने का मंच दिया, बल्कि दर्शकों के लिए भी मनोरंजन और उत्साह से भरपूर यादगार शाम साबित हुआ। आयोजन स्थल पर शुरू से अंत तक ऊर्जा, उत्साह और आकर्षण का माहौल बना रहा।



## आयोजन टीम की रही अहम भूमिका

इस भव्य कार्यक्रम का संचालन आयोजक शो डायरेक्टर सिमोन कम्बोज और मित संधू ने किया। दोनों ने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मौके पर जोत डोगरा और हरप्रीत तानिया ने इवेंट पार्टनर के रूप में योगदान दिया, जबकि शिवानी कौल ने को-ऑर्गेनाइजर के तौर पर आयोजन को सफल बनाने में अहम जिम्मेदारी निभाई।

## सेलिब्रिटी जूरी और खास मेहमान रहे आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम की शुरूआत रूपा बरनवाल ने की। समारोह में सेलिब्रिटी जूरी के रूप में डॉ. अर्चना खुराणा, पूनम ठाकुर और जसप्रीत कौर कथूरिया मौजूद रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया।

वहीं, समारोह में सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में सिंगर मैंडी, पंजाबी रैपर रेक्स सिआर ने अपनी मौजूदगी से माहौल को और खास बना दिया। इसके अलावा गरिमा कटियार ब्रांड एंबेसडर तथा दीपमाला गुप्ता इवेंट पार्टनर के रूप में उपस्थित रहीं।

आयोजक मित संधू ने कहा कि उनकी कंपनी का उद्देश्य युवाओं को ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा, व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को निखार सकें। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है, ताकि युवाओं को आगे बढ़ने, अपनी पहचान बनाने और करियर के नए अवसर प्राप्त करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाशाली युवाओं को मंच मिल सके। कार्यक्रम में मौजूद मेहमानों और दर्शकों ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। लोगों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक पहल बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मददगार साबित होते हैं। जीरकपुर में आयोजित यह कार्यक्रम फैशन, मनोरंजन और प्रतिभा का ऐसा संगम बना, जिसने हर किसी को प्रभावित किया।

## प्रतिभागियों ने जीता दिल

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने रैंप वॉक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, टैलेंट राउंड और विभिन्न एक्टिविटी के जरिए अपनी कला और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन किया। हर प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में खुशी राजपूत ने अपने शानदार व्यक्तित्व और आत्मविश्वास के दम पर मिस इंडिया का खिताब अपने नाम किया। वहीं डॉ. दीपिका चलिका को मिसेज ग्लैमर क्वीन 2026 चुना गया। विजेताओं को मंच पर सम्मानित कर ट्रॉफी और सम्मान पत्र प्रदान किए गए।



# दशमेश खालसा कॉलेज जीरकपुर में कन्वोकेशन व वार्षिक सम्मान समारोह संपन्न

### 200 से अधिक पूर्व विद्यार्थियों की मौजूदगी में बांटी गईं डिग्रियां और पुरस्कार

जीरकपुर, यूटर्न/ 19 अप्रैल। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, श्री अमृतसर साहिब के अधीन चल रहे दशमेश खालसा कॉलेज, जीरकपुर में कन्वोकेशन समारोह और वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. करमबीर सिंह की अगुवाई में आयोजित हुआ। समारोह में बीबी हरजिंदर कौर (मेंबर, अंतरिंग कमेटी) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि इंजीनियर सुखमिंदर सिंह (सचिव शिक्षा) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा शबद गायन से की गई, जिससे माहौल आध्यात्मिक रंग में रंग गया। प्रिंसिपल डॉ. करमबीर सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कॉलेज की अकादमिक, खेल, प्लेसमेंट, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कन्वोकेशन के दौरान एम.कॉम, बी.कॉम, बी.बी.ए, बी.सी.ए, पी.जी.डी.सी.ए, बी.ए और बी.एससी (नॉन-मेडिकल) के विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। वहीं, वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल और सम्मान चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर करीब 200 पूर्व विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर समारोह को यादगार बना दिया। मुख्य अतिथि बीबी हरजिंदर कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षित युवा किसी भी देश और समाज की मजबूत नींव होते हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक और तार्किक सोच ही राष्ट्र को प्रगति की राह पर आगे बढ़ाती है।

# पत्नी की गला दबाकर हत्या, पति ने वीडियो बनाकर दोस्त को भेजा, लाश को थप्पड़ मारे

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। लुधियाना के माछीवाड़ा साहिब इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। यह घटना पति-पत्नी के बीच झगड़े के बाद हुई। पति को शक था कि उसकी पत्नी किसी और से फोन पर बात करती है। जबकि, पत्नी भी पति पर शक करती थी। आरोपी ने हत्या के बाद लाश का वीडियो बनाकर दोस्त के पास भेजा। उसने हत्या के बाद शव को कई थप्पड़ भी मारे। दोनों ने 10 साल पहले लव मैरिज की थी। इससे इन दोनों के दो बच्चे भी हैं, जो अब अनाथ हो गए हैं। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।



**10 साल पहले की थी लव मैरिज:** जानकारी के अनुसार, मंड सुखेवाल गांव के रहने वाले गुरप्रीत सिंह ने करीब 10 साल पहले राजविंदर कौर से लव मैरिज की थी। गुरप्रीत सिंह कंबाइन ऑपरेटर का काम करता है। पति गुरप्रीत सिंह को शक था कि उसकी पत्नी फोन पर किसी और से बात करती है।पत्नी राजविंदर कौर को भी अपने पति पर किसी अन्य लड़की से फोन पर बात करने का शक था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर घरेलू झगड़े होते रहते थे।

# जीरकपुर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी, ट्यूबवेल पर अवैध पार्किंग बनी बड़ी बाधा

## बसों के कब्जे से जाम ट्यूबवेल, टैंकर चालकों को घंटों इंतजार

जीरकपुर, यूटर्न/ 19 अप्रैल। शहर में पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। ओल्ड कालका रोड स्थित गोल्ड मार्क सोसाइटी और प्रेस क्लब के समीप नगर परिषद की खाली जमीन पर बने ट्यूबवेल से पानी भरना टैंकर चालकों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। मुख्य वॉटर सप्लाई मोटर के आसपास निजी यूनिवर्सिटी की बसों और ट्रैवलर्स वाहनों ने अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है। इस कारण शहर के विभिन्न इलाकों में पानी पहुंचाने वाले टैंकरों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। हालात ऐसे हैं कि कई बार टैंकर समय पर पानी नहीं भर पाते,



जिससे सप्लाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

ट्यूबवेल के पास खड़े भारी वाहनों के चलते निकासी पाइप तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। इससे पानी भरने की प्रक्रिया धीमी पड़ जाती है और शहर के कई हिस्सों में देरी से पानी पहुंचता है।

### सालों से बनी है समस्या, ड्राइवरों को करना पड़ता घंटों इंतजार

पानी सप्लाई करने वाले टैंकर चालक गुरचरण सिंह ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है और अब हालात बदतर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कई बार आपात स्थिति में पानी पहुंचाना होता है, लेकिन ट्यूबवेल पर बसें खड़ी होने के कारण घंटों इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अक्सर निकासी पाइप के सामने ही बसें और अन्य वाहन खड़े होते हैं और उनके चालक मौके पर मौजूद नहीं होते।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372